# किसानों के मुद्दे पर हरीश रावत का सीएम आवास को कूच, पुलिस ने रोका

**घेराव**

**8 -पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उपवास पर बैठे, किसानों के मांगों को पूरा करने की बात कही**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरिद्वार के किसानों के मुद्दों को लेकर किसानों के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने को कूच किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। वे किसानों के साथ वहां पर नहीं पहुंच सके। इस पर पूर्व सीएम हाथीबड़कला में बैरियर पर उपवास पर बैठ गए हैं।
आज दोपहर हरिद्वार के बाढ़ प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर घेराव और प्रदर्शन करने किसानों के साथ मुख्यमंत्री आवास जा रहे हरीश रावत को पुलिस ने हाथीबड़कला में बैरियर लगाकर रोक लिया। इससे नाराज कांग्रेस नेता बैरियर के पास उपवास पर बैठ गए हैं। हरीश ने की मांग कि आपदा प्रभावित किसानों की मुआवजा राशि बढ़ाई जाए और उनका बिजली पानी का बिल माफ किया जाए। इस दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच धक्का मुक्की भी हुई। इसके बाद हरीश रावत समेत गणेश गोदियाल बैरीकेडिंग के ऊपर चढ़ गये। हरीश ने कहा कि आज हरिद्वार से सैकड़ों की संख्या में किसान सडे.गन्ने लेकर सरकार का विरोध करने पहुंचे हैं। वे धामी सरकार को होश में आना होगा जैसे नारे लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने हमारे किसानों की मांग नहीं मानी तो वे शहर जाम करेंगे।

# प्रभारी मंत्री आर्या ने प्रदेश के पहले फलो स्पैन का किया लोकार्पण

**आपूर्ति**

**8 500 मीट्रिक टन के इस फ्लो स्पैन खाद्य गोदाम से पहाड़ के कई जिलों में राशन की आपूर्ति की जाएगी।**



**देहरादून/रामनगर/टीम एक्शन इंडिया**
प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को रामनगर में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग व संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम की संयुक्त पहल पर फलो स्पैन का लोकार्पण किया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि 500 मीट्रिक टन के इस फ्लो स्पैन खाद्य गोदाम से पहाड़ के कई जिलों में राशन की आपूर्ति की जाएगी। गोदाम की लागत 50 लाख रुपये के करीब है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश में बरसात के समय भूस्खलन और बाढ़ की स्थिति रहती है और भूंकप के लिहाज से भी यह संवेदनशील है। ऐसे में विषय परिस्थितियों में इस गोदाम को हेलीकॉप्टर के माध्यम से आपदा प्रभावित इलाकों में अनाज के भंडारण के लिए या अन्य राहत बचाव कार्य के लिए स्थापित किया जा सकता है। जल्द ही अन्य जिलों में भी इन्हें स्थापित किया जाएगा। फिलहाल यह कुमाऊं व गढ़वाल के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।
खाद्य मंत्री ने राशन डीलरों की समस्याओं को सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार राशन विक्रेताओं के हितों के लिए गंभीर है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईआईएम काशीपुर का इनक्यूबेशन सेंटर 'फीड' दो दिवसीय 'दक्षिण एशिया में कृषि उद्यमिता' कंसोर्टियम 2023 की करेगा मेजबानी

**काशीपुर।** कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आईआईएम काशीपुर का इनक्यूबेशन सेंटर, फाउंडेशन ऑफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (फीड) भारत में पहली बार दो दिवसीय एग्री कंसोर्टियम शुरू करने जा रहा है। 'एग्रीकल्चरल कंसोर्टियम ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट्स' नामक इस दो दिवसीय संगोष्ठी के तहत 25 और 26 सितंबर, 2023 को आईआईएम काशीपुर परिसर में फीड द्वारा चर्चाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें देशभर के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालय और अनुसंधान संस्थान भाग लेंगे। इस एग्री कंसोर्टियम का उद्देश्य भारतीय आर्थिक विकास में कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा देना, आधिकारिक तौर पर कृषि शैक्षणिक संस्थानों को शामिल करना, उच्च-स्तरीय स्टार्ट-अप और शोध छात्रों एवं दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी संस्थानों की भूमिका को बढ़ाना होगा।
2 दिवसीय एग्री कंसोर्टियम चर्चा में उच्च शिक्षा के छात्रों के बीच कृषि को बढ़ावा देना, एग्री कंसोर्टियम नवाचार, ज्ञान साझा करना और शिक्षा छात्रों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना जैसे विषय शामिल होंगे।
इसके अतिरिक्त, एग्री कंसोर्टियम में भारतीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना(रफ़्तार) के अंतर्गत कृषि व्यापार क्षेत्र में कार्यरत इंक्यूबेशन सेंटर और नॉलेज पार्टनर भी भाग लेंगे और अपने उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में अपने सफर और चुनौतियों को साझा करेंगे।

### यूडीज सॉल्यूशंस ने प्रिफर्ड टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में इंडिया एक्सेलेरेटर के साथ एमओयू साइन किया

**देहरादून।** अहमदाबाद स्थित एक लीडिंग डिजिटल ट्रांसफर्मेशन और टेक्नोलॉजी सर्विसेस प्रोवाइड यूडीज सॉल्यूशंस ने देश के सबसे बड़े स्टार्टअप एक्सेलेरेटर, इंडिया एक्सेलेरेटर के साथ एक एमओयू पर साइन किए हैं, जो एक्सीलेटर के एक्सपेंडिंग ग्लोबल प्रोग्राम से जुड़े 200 से अधिक स्टार्टअप के लिए प्रीफर्ड टेक्नोलॉजी पार्टनर है।
अहमदाबाद कार्यालय में एमओयू पर यूडीज सॉल्यूशंस के अध्यक्ष और निदेशक भरत पटेल और इंडिया एक्सेलेरेटर के संस्थापक और सीईओ आशीष भाटिया ने साइन किए। एमओयू का उद्देश्य यूडीज सॉल्यूशंस और इंडिया एक्सेलेरेटर के बीच एक स्ट्रेटिजिक पार्टनरशिप स्थापित करना है, जिससे स्टार्टअप और उससे जुड़े उद्यमियों को टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस, कंसल्टेंसी और सर्विसेस देने में पहले की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके, इसके साथ ही स्टार्टअप में इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और टेक्नोलॉजी ड्रिवन सॉल्यूशंस को प्रोत्साहित करके इकोसिस्टम, और एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा देना जो शुरूआती-स्टेज वाले व्यवसायों के डेवलपमेंट और ग्रोथ को सपोर्ट करता है। रणनीतिक साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, यूडीज सॉल्यूशंस के अध्यक्ष और निदेशक, भरत पटेल ने कहा कि हम इंडिया एक्सेलेरेटर के साथ प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में कलैबरेट करके रोमांचित हैं। यह पार्टनरशिप स्टार्टअप्स को आवश्यक टेक्नोलॉजिकल टूल्स और सपोर्ट के साथ मजबूत बनाने की हमारी कमिट्मन्ट के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। टेक्नोलॉजी स्टार्टअप और शुरूआती चरण के व्यवसायों के लिए अभिन्न अंग है और हमारा लक्ष्य उनके विकास और सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देना है। यह पार्टनरशिप भारत और विदेशों में एक कंपनी के रूप में यूडीज सॉल्यूशंस के लिए विकास के नए अवसर भी खोलती है"। एमओयू के अनुसार, यूडीज सॉल्यूशंस भारत एक्सेलेरेटर कार्यक्रमों में एनरोल स्टार्टअप्स को टेक्निकल कंसल्टेंसी, डेवलपमेंट और सहायता प्रदान करेगा। यह ऐसे स्टार्टअप्स के लिए डिस्काउंट रेट और प्रेफरेन्शल ट्रीटमेंट की पेशकश करेगा। यूडीज सॉल्यूशंस और इंडिया एक्सेलेरेटर दोनों पार्टनरशिप और इसके लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जॉइन मार्केटिंग और प्रचार गतिविधियों में लगे रहेंगे।

### देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने वाले प्रधानमंत्री मोदी का आभार: शाह

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में लोकसभा में ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल को पेश किया गया। इस बिल का नाम ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया है। शाह ने देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने के लिए मोदी जी का आभार प्रकट किया। शाह ने कहा कि, मोदी ने यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता को चरितार्थ करने का काम किया है। यह विधेयक महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# पाटन पाटनी से मां भगवती का पहला डोला पहुंचा झूमाधुरी मंदिर

**चंपावत /टीम एक्शन इंडिया**
पाटन पाटनी और राइकोट महर गांवों के मंदिरों में शनिवार सुबह विशेष पूजा की गई। दोपहर बाद लोगों का रुख झूमाधुरी मंदिर की ओर होने लगा। समुद्र तल से करीब सात हजार फुट की ऊंचाई पर खड़ी चढ़ाई पार कर पाटन पाटनी से मां भगवती का पहला डोला झूमाधुरी मंदिर पहुंचा। मां के जयकारों के साथ ग्राम सभा पाटन पाटनी व राइकोट गांव से मंगलवार को मां झूमाधुरी देवी की रथ यात्रा निकली। सुहावने मौसम के बीच रस्सों व कंधों के सहारे दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई पार कर श्रद्धा व विश्वास के साथ ऊंची चोटी पर स्थित मां झूमाधुरी के मंदिर परिसर में पहुंची।

# अधिकारियों की मनमर्जी से सरकार को हो रहा घाटा : विजय वर्धन

**परिवहन व्यवस्था**

**8 नगर बस सेवा का संचालन एक मॉडल कार्ययोजना योजना के अंतर्गत 1997 में शुरू किया गया था**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सूचना अधिकार कार्यकर्ता और नगर बस सेवा के अध्यक्ष रहे विजयवर्धन डंडरियाल का का कहना है कि परिवहन विभाग के अधिकारियों की मनमर्जी कार्रवाई के कारण परिवहन व्यवस्था ध्वस्त हो रही है।
शनिवार को विजय वर्धन डंडरियाल ने सूचना अधिकार अधिनियम के माध्यम प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि शासन की आदेश की गलत व्याख्या कर टाटा मैजिक वाहनों को नगर बसों की श्रेणी में रखकर कर माफ किया गया है जबकि शासन की अधिसूचना में यह स्पष्ट है कि नगर निकाय/ नगर निगम /नगर पालिका परिषद /नगर पंचायत) की सीमा के भीतर अनन्य (एकमात्र) रूप से नगर बस सेवा के रूप में संचालित मंजिली गाड़ियों को सारणी के मोटर वाहन कर(टैक्स) से पूर्णता छूट होगी।
परिवहन अधिकारियों ने 10 सीटर टाटा मैजिक 4 पहिये छोटी गाड़ी को मिनी बस, ओमनी बस बनाकर नगर बसों की श्रेणी में रखकर स्टेज कैरिज का परमिट दिया है।
जैसे नगर बस (सिटी बसों) को स्टेज कैरिज का परमिट दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इन छोटी टाटा मैजिक गाड़ी में सिटी बसों की तरह, ना तो ड्राइवर का केबिन है, ना ही कंडक्टर है, ना ही कंडक्टर के बैठने के लिए या खड़े होकर टिकट काटने के लिए कोई स्थान है, ना ही कोई इमरजेंसी दरवाजा है ,ना ही सिटी बस की तरह 6 फिट ऊंचे और 2 फिट चौड़े दरवाजे है, ना ही कोई गैंगवे (जो दो सीटों के बीच स्पष्ट भाग) है, ना ही ड्राइवर की तरफ सभी सीटों की सीध (मुंह) है।
इन अधिकारियों ने टाटा मैजिक को मिनी बस,(ओमनी बस ) कहकर सिटी बस की श्रेणी में रखा गया है।
नगर बस सेवा का संचालन एक मॉडल कार्ययोजना योजना के अंतर्गत 1997 में देहरादून शहर में शुरू किया गया था और उसमें मिनी बस 24 सीटर, 35 सीटर और 54 सीटर बसों को चलाने का प्रावधान रखा गया इसमें रंग रोगन, बनावट, डिजाइन का भी प्रावधान रखा गया लेकिन परिवहन अधिकारियों ने नगर बस सेवा के प्रारूप को समाप्त कर अपनी ही एक नई छोटी गाड़ी टाटा मैजिक को नगर बस सेवा के रूप में चलाने की रूपरेखा तैयार कर संचालन की अनुमति दी है।

# चोरी के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**8 आरोपित का नाम हारून पुत्र गुलजार निवासी मोहल्ला कस्सावान ज्वालापुर हरिद्वार बताया गया है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
घर से मोबाइल चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी किया मोबाइल बरामद कर लिया है।
पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित को नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को नाम हारून पुत्र गुलजार निवासी मोहल्ला कस्सावान ज्वालापुर हरिद्वार बताया गया है।
शुक्रवार को ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कस्साबान निवासी एक महिला ने अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर मोबाइल चोरी किए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था।

# छह सौ गृहकर दाताओं को नगर निगम, देहरादून का नोटिस

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी नगर निगम के नगर आयुक्त नगर की आय बढ़ाने की कवायद में जुटे हुए हैं। इसके मद्देनजर निगम ने हाउस टैक्स न देने वाले तकरीबन 600 लोगों को नोटिस जारी किया है।
शनिवार को बताया देहरादून नगर नगर आयुक्त मनुज गोयल ने बताया कि अब हाउस टैक्स न देने वाले लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है ताकि अधिकाधिक कर नगर निगम में जमा हो जाए और निगम की विकास योजनाओं को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि इस नोटिस में साफ कहा गया है कि निर्धारित तिथि से पहले हाउस टैक्स जमा कर दें।

# शहर में डेंगू के प्रकोप को देखते हुए आआपा करेगी गली गली दवा का छिड़काव



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी (आआपा) ने शहर में डेंगू के प्रकोप को देखते हुए अब स्वयं सड़क पर उतरकर गली-गली दवा का छिड़काव करने के लिए कमर कस ली है। आम आदमी पार्टी ने स्वयं के निजी खर्चे पर फागिंग मशीन खरीद ली है। अब आआपा कार्यकर्ता गली-गली में फागिंग मशीन के जरिए दवा का छिड़काव करेंगे।
पत्रकारों से वार्ता करते हुए पार्टी की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने कहा कि पूरे शहर में डेंगू का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आम आदमी पार्टी 11 सितंबर को नगर आयुक्त कार्यालय का घेराव कर नगर निगम क्षेत्र में दवा का छिड़काव ना होने पर आपत्ति जताई थी और एक सप्ताह का समय दिया था। ज्ञापन में पार्टी पदाधिकारी ने कहा था कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था दुरुस्त नहीं होती तो आम आदमी पार्टी स्वयं सड़कों पर सड़क उतरकर व्यवस्था संभालेगी।
पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर संजय सैनी ने कहा की मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है बावजूद इसके नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग शहर में बढ़ते डेंगू की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव कराने में नाकाम साबित हुआ है। इसी को देखते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने आपसी सहयोग कर फागिंग मशीन खरीदी है। अब पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर गली-गली में दवा छिड़काव करेंगे।
इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अनिल सती, महामंत्री आशीष गॉड, विधानसभा उपाध्यक्ष धीरज पीटर, किरण कुमार दुबे, सीवाईएसएस जिला अध्यक्ष अमनदीप, पवन कुमार धीमान, वरिष्ठ नेता ओपी मिश्रा, विशाल शर्मा, संजय वालिया मौजूद रहे।

# पार्वती देवी-गंगाराम ट्रस्ट ने मेधावी विद्यार्थियों को बांटी छात्रवृत्ति




**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के राजकीय इंटर कॉलेज नागनाथ में शनिवार को पार्वती देवी-गंगाराम भट्ट, ट्रस्ट ने 31 विद्यालयों के गरीब और निराश्रित 107 मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृति बांटी।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट, पूर्व शिक्षा निदेशक पुष्पा मानष और विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानी लाल सैलानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी हिम्मत नही हारने चाहिए तथा कठोर परिश्रम कर अपनी पढ़ाई जारी रखनी चाहिए। ट्रस्ट के संस्थापक एडवोकेट कालिका प्रसाद काला एवं पूर्व शिक्षा निदेशक पुष्पा मानष ने कहा कि पार्वती देवी-गंगा राम भट्ट ट्रस्ट ने यह कार्यक्रम 2015 से शुरू किया है।
इस वर्ष 107 निराश्रित मेधावी और गरीब छात्र-छात्राओं को छात्रवृति दी गई। अब तक 607 मेधावी निराश्रित गरीब छात्र छात्राओं छात्रवृति दे चुके हैं। हमारा उद्देश्य माता-पिता विहिन छात्र-छात्राओं की मदद करना और उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में सहयोग करना है।

# सात माह पूर्व खोए मोबाइल पुलिस से पाकर लोगों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी गढ़वाल पुलिस ने सात महीने पहले 14,20,078 रुपये कीमत के खोए 86 मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल धारकों को वापस लौटा कर उनके चेहरों पर खुशी ला दी है। मोबाइल फोन वापस पाकर फोन स्वामियों ने पुलिस को धन्यवाद दिया है।
शनिवार को ढालवाला ऋषिकेश स्थित टिहरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जनपद टिहरी गढ़वाल के समस्त थानों और अन्य माध्यमों से आम जनता के खोए हुए मोबाइल फोनों के शिकायती प्रार्थना पत्रों को पुलिस ने गंभीरता से लिया। इसके बाद सीआईयू सेल को त्वरित कार्रवाई कर मोबाइल फोनों की बरामदगी किये जाने को आदेशित किया था।
इस पर अपर पुलिस अधीक्षक टिहरी के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक टिहरी, ऑपरेशन के निरीक्षण में सीआईयू टिहरी गढ़वाल ने कार्रवाई करते हुए टिहरी जनपद में फरवरी 2023 से अब तक खोए हुए मोबाइलों को सर्विलांस और अन्य माध्यमों से 86 मोबाइल को उत्तराखंड, अन्य राज्यों से बरामद किया गया, जिनकी कीमत लगभग 14,20,078 रुपए है।
बरामद 86 मोबाइल फोनों को ढालवाला (मुनि की रेती) स्थित सीआईयू कार्यालय में सम्बन्धित मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किये गये। अन्य प्रदेशों के व्यक्तियों के बरामद मोबाइल को कूरियर के माध्यम से मोबाइल स्वामियों को भिजवाया गया। मोबाइल स्वामियों ने अपना खोया हुआ मोबाइल फोन पाकर टिहरी गढ़वाल पुलिस का आभार व्यक्त किया और टिहरी गढ़वाल पुलिस के कार्य की प्रशंसा की।
इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर, अस्मिता ममगांई पुलिस उपाधीक्षक नरेन्द्रनगर,सीआईयू साईवर, प्रभारी निरीक्षक मुनिकी रती रितेश शाह व प्रभारी निरीक्षक साईबर सैल देवेन्द्र रावत एवं प्रभारी सीआईयू ओमकान्त भूषण और सीआईयू स्टाफ मौजूद रहा।

# युवती ने पुल से गंगनहर में लगाई छलांग



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक युवती ने शनिवार को गंगनहर पुल से छलाग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद जल पुलिस के जवानों ने युवती को नहर ने निकालकर उसकी जान बचाई और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।
एक युवती अपने परिजनों के साथ यहां पिरान कलियर में जियारत के लिए आई थी। अचानक युवती ने पुल से गंगनहर में छलांग लगा दी। युवती को गंगनहर में डूबता हुआ देख वहां तैनात जल पुलिस के जवानों ने बिना देर किया नहर में कूदकर युवती को कड़ी मशक्कत के बाद बचा लिया। युवती ने गंगनहर में छलांग क्यों लगाई, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। युवती के बचा लिए जाने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

